हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

11 कश्मीर मैराथन दौड़ में जिले के दो खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट




12 आनंद पथ कार्यक्रम में आमजन को दी नशे से दूर...



## खबर संक्षेप

### मूलभूत सुविधाओं के अभाव से आढ़ती परेशान

**बहादुरगढ़।** शहर की सब्जी मंडी में आमजन के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण आढ़ती वर्ग भी परेशान है। इसे लेकर सब्जी मंडी प्रधान भूपेंद्र सैनी व पुनीत सैनी ने हरियाणा सरकार में मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की। उनके अनुसार बहादुरगढ़ सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। शौचालय व्यवस्था का बुरा हाल है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। बरसाती पानी की निकासी का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ है। आढ़तियों की दुकानों के पीछे वाला रास्ता गंदगी से हटा पड़ा है।

### लोवा खुर्द में खेत से मोटर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द के खेतों में चोरी हो गए। यहां चोर सोलर मोटर पर हाथ साफ कर गए। वारदात कृष्ण कुमार के खेत में हुई है। जब वह खेत में गया तो वारदात का पता चला। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराना बस स्टैंड रोड पर मां भगवती जागरण आज

**झज्जर।** पुराना बस स्टैंड मार्ग पर नव निर्माण युवा जाटव सेवा समिति द्वारा सोमवार को मां भगवती के बारहवें विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति प्रवक्ता हितेश निगम ने बताया कि जागरण में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ जहां ज्योति प्रचंड करेंगे वहीं मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेता मनीष बंसल तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना को आमंत्रित किया गया है। मंच संचालन मनोज सोनी द्वारा किया जाएगा। जागरण में मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### मां भगवती का वार्षिक जागरण 28 को

**बहादुरगढ़।** मां भगवती युवा मित्र मंडल की ओर से आगामी 28 नवंबर को शहर में वार्षिक मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। रेलवे रोड स्थित पुराना वैश्य हाई स्कूल में आयोजित इस जागरण में जयपुर की साक्षी अग्रवाल, दिल्ली के शीतल पांडे, हेमंत ठाकुर, रोहद के धर्मेश दर्शन, बहादुरगढ़ के सुरेंद्र पंकज अपने भजनों से मां की महिमा का गुणगान करेंगे। बेरी धाम के कुलदीप वशिष्ठ, बालाजी धाम बहादुरगढ़ के गणेश महाराज, शीतला माता मंदिर गुरुग्राम के हरिओम भारद्वाज के सानिध्य में यह कार्यक्रम होगा। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह, विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन सरोज राठी, सेवामूर्ति दिनेश कौशिक मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किए गए हैं।

## पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपे शव

# सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या हुई चार, एक वर्षीय परी ने तोड़ा दम

पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया

*पीजीआई में उपचाराधीन नन्हीं बच्ची परी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई है। उसके शव का पोस्टमार्टम सोमवार को रोहतक पीजीआई में कराया जाएगा। हादसे में घायल अमर सिंह की हालत भी नाजुक है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शनिवार को क्षेत्र के गांव रईया के नजदीक हुए सड़क हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर चार हो गई। हादसे में घायल एक वर्षीय मासूम परी ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा रविवार की सुबह हादसे के शिकार दंपत्ति व एक अन्य के शव का पोस्टमार्टम स्थानीय नागरिक अस्पताल में कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। मामले के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस संबंध में मृतक लालचंद के पुत्र विक्रम की शिकायत पर संबंधित गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पीजीआई में उपचारधीन नन्हीं बच्ची परी की भी उपचार के दौरान के मौत हो गई है। उसके शव का पोस्टमार्टम सोमवार को रोहतक पीजीआई में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल अमर सिंह की हालत भी नाजुक है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।



झज्जर। हादसे में मौत का ग्रास बने छगन, लालचंद एवं निर्मला देवी का फाइल फोटो।



क्षतिग्रस्त कार

### यह था मामला

बता दें कि रईया गांव के नजदीक संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित हुई गाड़ी पेड़ से जा टकराई थी। इस घटना में गाड़ी सवार दंपत्ति सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना में पिता-पुत्र सहित एक मासूम बच्ची भी घायल हो गई थी। यह परिवार दिल्ली के हस्तसाल गांव से गाड़ी में सवार होकर महेंद्रगढ़ के झगड़ौली गांव में किसी रिश्तेदार के दाह संस्कार लौट रहा था। जब उनकी गाड़ी रईया गांव के नजदीक पहुंची तो अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे सफेदे के पेड़ से जा टकराई। इस घटना में लालचंद पुत्र गिरधारी, निर्मला देवी पत्नी लालचंद व छगन पुत्र बनवारी की मौके पर ही मौत हो गई। इनके अलावा अंकित व उसके पिता अमर सिंह व एक वर्षीय नन्हीं बच्ची परी को गंभीर चोटें आई थीं। पेड़ से टकराने के बाद गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में गाड़ी सवार लोगों को खिड़की तोड़ कर बाहर निकाला गया था।

## तीन दोस्तों पर ही वारदात को अंजाम देने का आरोप

# गर्दन में चाकू मारकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



गांव रोहद में गर्दन पर चाकू से प्रहार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक के तीन दोस्तों पर ही वारदात को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में तीन युवकों के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही गई है।

**रोहद में दोस्तों ने युवक को मौत के घाट उतारा और खुद ही अस्पताल ले गए**

मृतक की करीब 24 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। वह खेती बाड़ी करता था। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह दीपक अपने घर पर था। इसी दौरान गांव का रहने वाला सोनू उसे बुलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम करीब साढ़े सात बजे परिजनों को सूचना मिली कि दीपक को चोट लगी है और पीजीआई रोहतक में उसने दम तोड़ दिया है।

इसके बाद परिजन पीजीआई में पहुंचे। वहीं पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस को दी शिकायत में रघुबीर ने कहा है कि शाम को सोनू ने फोन कर सूचना दी कि वे दीपक को पीजीआई रोहतक लेकर आए जहां, डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। जबकि हमने अपने स्तर पर पता किया तो सामने आया कि मेरा बेटा दीपक, सोनू व सोनू के दो दोस्त चिराग तथा प्रवीण गाड़ी में बैठे थे।

इसी दौरान उनमें किसी बात पर विवाद हुआ और सोनू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दीपक की गर्दन पर चाकू से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इस बयान के आधार पर पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रारंभिक तौर पर झगड़े के दौरान वारदात होने की बात सामने आई है। असल पुष्टि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हो सकेगी। आसौदा थाना प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं। जल्द ही मामले को सुलझा लिया जाएगा।

## बहादुरगढ़ में 176 रिकॉर्ड हुआ एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की हवा रविवार को भी प्रदूषित रही। दिनभर वायु गुणवत्ता सूचकांक का औसत स्तर 176 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। दिन में कुछ समय के दौरान प्रदूषण का स्तर अत्यधिक बढ़ गया। जब पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 504 तक पहुंच गया, न्यूनतम स्तर 162 रिकॉर्ड किया गया।

**पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 504 तक पहुंचा न्यूनतम स्तर 162 रिकॉर्ड किया**

बता दें कि रविवार को पीएम 10 कणों का औसत स्तर 101, अधिकतम 999 और न्यूनतम 74 रहा। यह दर्शाता है कि शाम के समय हवा में धूल और धुएं की मात्रा काफी बढ़ गई थी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि प्रदूषण के कारण आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। वहीं, चिकित्सकों ने लोगों को सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने, मास्क पहनने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, बहादुरगढ़ में हवा की गति कम होने और आस-पास के क्षेत्रों से धुएं के आने के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो पा रहा है। नगर परिषद और प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने शहर के प्रमुख चौराहों पर एंटी-स्मॉग गन चलाने और सड़कों की नियमित सफाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रदूषण फैलाने वाले औद्योगिक यूनिटों और खुले में कचरा जलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शहर की हवा को स्वच्छ बनाया जा सके।

## बैठक में प्रदूषण रोकने व तालाबों की सफाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कानोंदा में रविवार को जागरूक ग्राम सभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हरबीर सिंह ने की। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी संगठन की प्रदेश महासचिव पूनम नांदल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक में गांव में फैल रहे प्रदूषण, तालाबों की सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मुद्दों पर मंथन हुआ।

ग्रामीणों ने कहा कि कानोंदा में चारों तरफ प्लास्टिक जलाने वाले अवैध भट्ठियों की भरमार है। इन भट्ठियों के कारण खतरनाक प्रदूषण हवा में मिलकर लोगों का स्वास्थ्य बिगाड़ रहा है। एनजीटी के नियम के तहत किसानों को पराली न जलाने के लिए सरकार द्वारा सहायता देने का प्रावधान है लेकिन हमारे गांव में अब तक किसी किसान को मदद नहीं मिली है। गांव कानोंदा, रोहद टोल के 20 किलोमीटर दायरे में है। नियमों के तहत हमारे गांव वालों का टोल नहीं लगना चाहिए लेकिन वसूला जा रहा है। बिजली मीटरों पर सरचार्ज व पंचायत टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि गांव की गलियों में लाइट की व्यवस्था तक नहीं है। बिजली का बिल हर महीने आना चाहिए और गांव के तालाबों, घाटों की सफाई कर उनमें स्वच्छ पानी भरा जाए। सत्यनारायण, कपूर सिंह, नरेंद्र, रौनक, इंद्र, रणधीर सहित अन्य ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। गांव कानोंदा की चौपाल में चर्चा करते ग्रामीण। फोटोः हरिभूमि

## सड़क पर बेसुध मिले शख्स ने पीजीआई में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली रोड पर बीमार अवस्था में मिले एक व्यक्ति ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव 72 घंटे के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल, शहर में पांच नवंबर की शाम को रोहतक-दिल्ली रोड पर करीब 45 वर्षीय शख्स बेसुध अवस्था में मिला था। सूचना पाकर बादली रोड स्थित एक आश्रम की ओर से शख्स को संभाला गया। अगले दिन छह नवंबर की सुबह उसकी तबीयत बिगड़ी तो पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां सात नवंबर की शाम को उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर बहादुरगढ़ सिटी थाने से पुलिस पीजीआई गई और शनिवार को पोस्टमार्टम करा दिया। जांच अधिकारी रवींद्र कुमार का कहना है कि मृतक की मौत के कारणों की सही पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। फिलहाल पहचान के लिए शव 72 घंटे के लिए शवगृह में रखवा दिया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



बहादुरगढ़। रेवाड़ी खेड़ा में हुए कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता। फोटोः हरिभूमि

### रेवाड़ी-खेड़ा में स्वास्थ्य केंद्र का हुआ भूमि पूजन

**बहादुरगढ़।** रविवार को गांव रेवाड़ी-खेड़ा में स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता संजय कबलाना, राजपाल जांगड़ा, भीम प्रणामी व ओमवीर राठी समेत अन्य विशेष अतिथि मौजूद रहे। पार्षद भीम सिंह प्रणामी ने कहा कि नायब सरकार गांवों का भी शहरों की तर्ज पर विकास कर रही है। भाजपा सरकार ग्रामीण इलाके के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं। भाजपा नेताओं ने बताया कि नायब सरकार ने पीएचसी के लिए 55 लाख, वीएलसी के लिए 75 लाख और कम्युनिटी सेंटर के लिए 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस अवसर पर प्रधान राजबीर सिंह, प्रधान रणबीर, मास्टर सज्जन दलाल, प्रधान समुंदर सिंह, रोहतास, प्रधान जितेंद्र छारा, रविंद्र कुमार, जयनारायण, जगबीर व राम अवतार आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने स्टेडियम के विकास पर जोर देने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार को गांव सांखोल के खेल स्टेडियम में ग्रामवासियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सरपंच प्रतिनिधि को बुलाकर खेल स्टेडियम के विकास की मांग रखी। संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के प्रधान संजय कलसन ने बताया कि यह खेल स्टेडियम कुछ साल पहले बनाया गया था, लेकिन अब भी इस स्टेडियम में काफी काम होना बाकी है। सबसे पहले तो इसका नाम करण हो ताकि सरकारी मदद मिल सके। कर्मबीर राठी ने बताया कि इस स्टेडियम के निर्माण में वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार मास्टर ने भी एक लाख का सहयोग दिया था। अब जब गांव वालों ने उनको जिम्मेदारी दी है तो उन्हें इस स्टेडियम के विकास के लिए पुरजोर कोशिश करनी चाहिए। अमित राठी और जय चाहार ने कहा कि स्टेडियम में प्रतिदिन खिलाड़ी आकर पसीना बहाते हैं। पंचायत के द्वारा खिलाड़ियों की मांग पूरी करनी चाहिए। समिति सदस्यों और खिलाड़ियों के द्वारा पंचायत से दिल्ली रोहतक रोड पर स्टेडियम का गेट बनाने, तिरंगे झंडे के पास रंगीन टाइल लगवाने, गांव की तरफ वाले भाग में रंगीन ब्लॉक और एंट्रेंस पर पत्थर लगवाने, कूड़े को केवल निर्धारित स्थान पर ही डलवाने, और बड़े पेड़ों के ट्री गार्ड निकलवाने सहित अन्य मांग की है।

**तकनीक** इलेक्ट्रिक वाटर हीटर गैस एवं गीजर के मुकाबले सस्ता, बिजली बिल भी रहता है बजट में

# सर्दी के मौसम में वाटर हीटर नल बना लोगों की पसंद, जमकर कर रहे खरीदारी

पानी का टेंपरेचर देखने के लिए डिजिटल डिस्प्ले दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सर्दी में पानी गर्म करने की किल्लत से छुटकारा दिलाने के लिए आजकल ऑनलाइन वस्तुएं बेचने वाली साइटों पर एक ऐसी वॉटर हीटर नल मिल रहा है जिन्हें सीधे बाथरूम या किचन के नल में फिट किया जा सकता है। यह इलेक्ट्रिक वाटर हीटर जहां गैस एवं इलेक्ट्रिक गीजर के मुकाबले सस्ता है वहीं बिजली बिल भी इनके मुकाबले बजट में रहता है। खास बात यह है कि करीब एक हजार दो सौ रुपये कीमत वाले इस छोटे से वाटर हीटर के जरिए ठंडा पानी भी बहुत तेजी से गर्म होता है। पानी का टेंपरेचर देखने के लिए इसी के अंदर एक डिजिटल डिस्प्ले दिया गया जिससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि पानी कितना गर्म है।



झज्जर। किचन में लगाया गया वाटर हीटर नल। फोटोः हरिभूमि

### सावधानियां

*इलेक्ट्रिशियनों का कहना है इस इलेक्ट्रिक वाटर हीटर से निकलने वाले गर्म पानी में बैठकर नहाना नुकसानदायी हो सकता है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे पहले बाल्टी में पानी भरे इसके बाद ही गर्म पानी को नहाने के उपयोग में लाए। उन्होंने बताया कि इसमें लगी गर्म पानी करने की रॉड के चलते शीघ्रता से पानी का तापमान बढ़ने लगता है। यदि सीधे नल के नीचे बैठकर व्यक्ति द्वारा इसमें स्नान किया जाएगा तो पानी अधिक गर्म होने की स्थिति में त्वचा जलने का खतरा बन सकता है।*

### आकर्षक डिजाइन व हाई क्वालिटी मैटीरियल

इस इलेक्ट्रिक वाटर हीटर नल का आकर्षक डिजाइन लोगों को पसंद आ रहा है वहीं इसमें हाई क्वालिटी का मैटीरियल लगाया गया है। यह आसानी से बाथरूम या किचन के नल में फिट हो जाता है। इलेक्ट्रिक स्विच ऑन होने के बाद नल खोलने पर इसमें दिए गए डिस्प्ले में शीघ्रता से टेंपरेचर बढ़ने लगता है। देखते ही देखते सैकिंडों के हिसाब से नल से गर्म पानी आने लगता है। यदि पानी अधिक गर्म हो जाए तो इसमें फिट किए गए स्विच को विपरीत दिशा में घुमाने पर उसी टूटी से ठंडा पानी आने लगता है।

## खंडित व पेड़ों के निकट रखी मूर्तियों का किया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गत दो सप्ताह से सनातन रक्षा दल, धर्म जागरण मंच और श्री हरी सेवा समिति परनाला हसनपुर के सामूहिक सहयोग से शहर में लगभग 4 दर्जन जगह रखी भगवान की मूर्तियों, तस्वीरों व कैलेंडर को उठाकर सेक्टर-7 में गड्ढा खोदकर उनका विधिवत निस्तारण किया गया। नागेंद्र लकड़ा, नीरज वत्स, प्रवीण मास्टर, राकेश, अजीत आनंद, अश्वनी, मनोज, उमेश, कर्मवीर शर्मा, सुशील भारद्वाज, परमजीत व पूजा छिल्लर आदि स्वयंसेवकों ने इस धार्मिक सामग्री को इकट्ठा करने में सहयोग किया। नवीन द्वारा इन मूर्तियों के दबाने के लिए गड्ढा खुदवाया गया। नीरज वत्स व नागेंद्र लाकड़ा ने ट्रैक्टर और गाड़ियों की व्यवस्था की। हम हमेशा इन मूर्ति पूजा करते हैं। खंडित होने पर इन्हें पीपल के पेड़ के नीचे या कहीं अन्य स्थान पर ना रखें। वहां गंदगी फैली रहती है और इससे भगवान का अपमान होता है। इनका सही से निस्तारण करना ही श्रेयस्कर है।



बहादुरगढ़। सार्वजनिक स्थान से धार्मिक सामग्री एकत्रित करते संस्थाओं के सदस्य। फोटो: हरिभूमि



# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।



## लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल

जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।



# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।' अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी में गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

## टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई।



वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'

# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



झज्जर। कैंप में जरुरमंद लोगों का रजिस्ट्रेशन करते हुए संस्था सदस्य।

### बुजुर्गों व दिव्यांगों में कृत्रिम उपकरणों का वितरण किया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सौंधी में सूबेदार बनारसी दास बरसीवाल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा एक कैंप का आयोजन कर बुजुर्गों व दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किए गए। संस्था के अध्यक्ष नरेश बरसीवाल ने बताया कि कैंप में चालीस से अधिक आयु वर्ग के दिव्यांगों व वृद्धजनों ने भाग लिया। चिकित्सकों द्वारा जांच किए जाने उपरांत जरुरतमंदों को कमोड शीट, कान की मशीन, कमर व घुटनों के लिए बेल्ट, व्हील चेयर, छड़ी व शूगर शीट आदि उपकरण वितरित किए। इस मौके पर सरपंच गोविंद गुलिया, रोहित, राहुल, अंकित, लोकेश, हर्ष, देवा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*एथलीट राजकुमार ने 50 से अधिक आयु वर्ग में जीता गोल्ड मेडल*

# कश्मीर मैराथन दौड़ में जिले के दो खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**21 किलोमीटर की दौड़ में सतीश पंघाल ने 35 से 50 आयु वर्ग में सराहनीय प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हाल ही में आयोजित श्रीनगर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दूसरी हाफ कश्मीर मैराथन दौड़ में जिले के दो मास्टर एथलीट ने भागीदारी कर अपनी प्रतिभा दिखाई। 21 किलोमीटर की इस दौड़ में क्षेत्र के गांव उखलचना कोट निवासी सतीश पंघाल ने 35 से 50 आयु वर्ग में सराहनीय प्रदर्शन किया। सीमा सुरक्षा बल में द्वितीय कमान अधिकारी के पद पर कार्यरत सतीश पंघाल ने यह दौड़ एक घंटा 40 मिनट में पूरी की। वे पिछले दस वर्षों से श्रीनगर की एयर विंग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा कई बार सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक से उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र हासिल कर चुके हैं। इनके अलावा जौंधी गांव निवासी एथलीट राजकुमार ने इसी दौड़ में पचास वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भागीदारी करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। देश के चुनिंदा एथलीट्स में शामिल राजकुमार जहां अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कई पदक जीत चुके हैं वहीं 800 व 1500 मीटर दौड़ में 50 से अधिक आयु वर्ग में राष्ट्रीय रिकार्ड बना चुके हैं। इस उपलब्धि पर कोच नरेंद्र, एथलेटिक्स कोच पवन कुमार, बिट्टू प्रधान सिलानी, कृष्ण तलाव, सोनू, कमल, हेमचंद्र आदि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




झज्जर। एथलीट सतीश पंघाल व राजकुमार जौंधी। फोटो : हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में अक्षित अहलावत ने जीता गोल्ड मेडल

*झज्जर। नेहरू महाविद्यालय में आयोजित जिला युवा महोत्सव की भाषण प्रतियोगिता में आरईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छुछकवास के छात्र अक्षित अहलावत ने इमरजेंसी पीरियड और वायलेशन ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन इन इंडिया विषय पर भाषण देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अब अक्षित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक जितेंद्र अहलावत ने स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए अक्षित अहलावत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।*

# सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पद यात्रा आज

■ आयोजन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और एकात्मकता के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रतीक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में दो दिवसीय पद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और एकात्मकता के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रतीक होगा। जिले की पहली पद यात्रा सोमवार को महर्षि दयानंद स्टेडियम से सुबह नौ बजे आरंभ होकर गुढ़ा होते हुए बेरी हलके के गांव धौड़ में संपन्न होगी। इस अवसर पर छह प्रदेशों की पद यात्राओं के प्रभारी एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस ऐतिहासिक यात्रा में देशभक्ति के नारों और राष्ट्रनिष्ठ भावनाओं के साथ बड़ी संख्या में युवा, छात्र, महिलाएं, खिलाड़ी और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह पद यात्रा सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण, एकीकरण और समर्पण की उस प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाएगी, जिसके कारण उन्हें लौह पुरुष का सम्मान प्राप्त हुआ। यात्रा मार्ग में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम, प्रेरक संदेश और युवा, छात्र, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक , एनएसएस, एनसीसी के युवा वर्ग सहित हर वर्ग की सहभागिता इसकी विशेषता रहेगी। जबकि दूसरी पद यात्रा मंगलवार को सुबह नौ बजे से शुरू होगी, जो बुपनिया गांव से प्रारंभ होकर डाबौदा से होती हुई मांडौठी गांव में संपन्न होगी। इन पद यात्राओं का उद्देश्य युवाओं को भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं देश को राजनीतिक एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार पटेल के विचारों से जोड़ना है, जिससे राष्ट्र निर्माण की भावना और अधिक सशक्त हो।

# साहित्यकार राजपाल गुलिया को मिला डॉ. ओमप्रकाश बंसल अनवर सीवनी स्मृति साहित्य सम्मान

■ अंगवस्त्र, पुष्पाहार, प्रतीक चिन्ह व नकद प्रोत्साहन राशि व प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को सम्मानित करते हुए समारोह की मुख्यातिथि डॉक्टर सुमेधा कटारिया।

जिले के गांव जाहिदपुर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को उनकी साहित्य साधना के लिए डॉक्टर ओमप्रकाश बंसल अनवर सीवनी स्मृति साहित्य सम्मान मिला है। आरकेएसडी कॉलेज कैथल में डॉक्टर चंद्र त्रिखा की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत उन्हें यह सम्मान मुख्यातिथि एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉक्टर सुमेधा कटारिया द्वारा डॉक्टर अमृतलाल मदान की मौजूदगी में प्रदान किया गया। साहित्य सथा कैथल द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में राजपाल सिंह गुलिया को अंगवस्त्र, पुष्पाहार, प्रतीक चिन्ह व नकद प्रोत्साहन राशि व प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया। राजपाल सिंह गुलिया ने बताया कि इस दौरान पन्द्रह पुस्तकों का विमोचन तथा देश भर के चौबीस साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। बता दें कि जाहिदपुर गांव निवासी वरिष्ठ साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया के अब तक छह एकल संग्रह व अट्ठाईस सांझा संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। इनके द्वारा सरस्वती सुमन नामक कुंडलिया विशेषांक का अतिथि संपादन भी किया है। वर्तमान में गुरुग्राम समाचार के साहित्य संपादन का कार्यभार संभाल रहे हैं।

### साल्हावास गांव में मेगा लीगल सर्विस कैंप 12 नवंबर को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बारह नवंबर को क्षेत्र के गांव साल्हावास में मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला आयुष विभाग, आयुष्मान भारत कार्ड टीम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डीआईओ आफिस के आधार एवं सरल केंद्र से संबंधित अधिकारी, रेवेन्यु विभाग, आईटीआई, पंचायत विभाग, अक्षय ऊर्जा, पशुपालन, मत्स्यपालन, बाल कल्याण कार्यालय, बाल संरक्षण कार्यालय, रेडक्रॉस, खाद्य आपूर्ति विभग के राशन कार्ड संबंधी अधिकारी, बिजली विभाग, वन स्टॉप सेंटर, शिक्षा विभाग, बीएसएनएल, जन स्वस्थ एवं अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सिंचाई विभाग बागवानी विभाग, बिजली निगम, बैंक, लेबर डिपार्टमेंट, रोजगार कार्यालय, हरियाणा रोडवेज विभाग, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था आदि के सदस्य आमजन की समस्याओं का मौके पर निदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों की सुविधा एक छत्त के नीचे प्रदान करते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करना है।





बहादुरगढ़। ओमेक्स में हुए खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### शिव मंदिर में हुआ भव्य खाटू श्याम जागरण

**बहादुरगढ़।** अलबेला श्री श्याम परिवार समिति द्वारा सिटी होम्स ओमेक्स में स्थित मोटा महादेव शिव मंदिर में खाटू श्याम जी का भव्य कीर्तन एवं जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। रंग-बिरंगे फूलों और गुब्बारों से श्याम दरबार को भव्य रूप से सजाया गया। खाटू श्याम के जयकारों से गूंजते दरबार में श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री 1008 बाबा गणेश पुरी जी महाराज व रोहद धाम से योगी भगवान नाथ ने अपनी पावन उपस्थिति से भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध गायक मुरली मनोहर शरण, पूर्णिमा बंसल, संजू घनश्याम व पंडित देव पाराशर ने श्याम भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मेरे श्याम के दीवाने, श्याम तेरी बंसी पुकारे जैसे भजनों पर भक्त नृत्य कर झूम उठे। उत्सव में असंख्य श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई और खाटू श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का समापन स्वामी जी के आशीर्वचन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। समूचा वातावरण श्याम नाम से गुंजायमान हो उठा।



झज्जर। अनावरण के बाद शहीद को सलामी देते हुए परिजन एवं अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# तुंबाहेड़ी गांव में शहीद प्यारेलाल यादव की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव तुंबाहेड़ी में रेजांगला युद्ध के शहीद सिपाही प्यारेलाल यादव की नव निर्मित प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल सतबीर यादव कुमाऊं एंड नागा रेजीमेंट, कर्नल गोपाल, कमांडेंट अशोक कुमार यादव जाटूसाना, कर्नल ओपी यादव, कर्नल चंदूलाल, मेजर डॉक्टर टीसी राव, सूबेदार मेजर दिलीप सिंह, कप्तान राजेंद्र सिंह गुड़ियानी, कप्तान चंद्र सिंह, कप्तान अशोक कुमार, ग्राम सरपंच पूनम रानी, यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए।

**शहीद को दी श्रद्धांजलि**

शहीद को श्रद्धांजलि दी। वीरेंद्र दरोगा ने बताया कि 63 साल पहले भारत-चीन के बीच 18 नवंबर 1962 को हुए रेजांगला युद्ध में सिपाही प्यारेलाल यादव शहीद हो गए थे। मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट जनरल सतबीर यादव ने बताया कि बड़ी विषम परिस्थितियों में यह युद्ध लड़ा गया था, जिसमें 120 वीर अहीरों की टुकड़ी ने 33 सौ चीनी सैनिकों का डटकर मुकाबला किया। इस दौरान उन्होंने कप्तान बालवीर, सूबेदार मेजर धर्मदेव, कप्तान विनोद के साथ मिलकर हवलदार रामफल और उनके परिवार को सम्मानित भी किया।

# विजेता मुक्केबाजों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा स्टेट गेम्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतने वाले बहादुरगढ़ के उभरते मुक्केबाजों का भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पार्षद मनीषा धनखड़ और पार्षद संघ के प्रधान योगेश धनखड़ ने विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि राजीव गांधी स्पोर्ट्स क्लब रोहतक में आयोजित प्रतियोगिता में जरदकपुर के यश सहरावत ने 85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, डाबोदा के लक्ष्य मलिक ने 85 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक और दयानंद नगर के ध्रुव शर्मा ने 70 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया।

इन खिलाड़ियों के कोच राहुल सैनी की मेहनत और लगन भी बच्चों की सफलता में अहम रही। पार्षद मनीषा धनखड़ के अनुसार बहादुरगढ़ के बच्चों ने एक बार फिर साबित किया है कि मेहनत और अनुशासन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। नगर के युवाओं को इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे आना चाहिए। खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें।



बहादुरगढ़। विजेता मुक्केबाजों व खेल प्रेमियों के साथ पार्षद मनीषा योगेश धनखड़। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस स्कूल में सुपर 30 फेज टू स्कॉलरशिप टेस्ट का हुआ आयोजन



झज्जर। सुपर 30 फेज टू परीक्षा देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** रविवार को आरपीएस स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुपर 30 स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में आसपास क्षेत्रों के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को सौ प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य योग्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर देना है ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि सुपर 30स्कॉलरशिप टेस्ट जैसी पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।



झज्जर। प्रशस्ति पत्र देकर रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए ट्रस्ट पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**महान लेनिन व स्टालिन के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की**

# एसयूसीआई ने महान नवंबर क्रांति को किया याद

■ रूस की क्रांति ने हर तरह के शोषण का अंत कर दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया की स्थानीय कमेटी ने रविवार को महान नवंबर क्रांति को याद किया। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव जयकरण मांडोठी, कमेटी सदस्य रामकिशन, सतीश कुमार, लवली, लालजी, सतबीर सिंह, सोनिया तथा राजबीर सिंह आदि ने महान लेनिन व स्टालिन के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जयकरण मांडोठी समेत अन्य सदस्यों ने महान क्रांतिकारी व मार्क्सवादी चिंतक कामरेड शिवदास घोष की बताई शिक्षाओं के अनुरूप महान नवम्बर क्रांति की सीखों को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि महान लेनिन के नेतृत्व में रूस के मजदूर-किसानों ने 7 नवंबर 1917 को पूंजीपतियों का राज उखाड़ कर दुनिया की पहली समाजवादी क्रांति सफल की थी। रूस की क्रांति ने हर तरह के शोषण का अंत कर दिया था। वहां अब कोई शोषक वर्ग नहीं रह गया था। इस क्रांति के सफल होने पर महंगाई समाप्त हो गई थी, सभी को रोजगार मिल गया था। शिक्षा और इलाज निशुल्क था। कानून व्यवस्था जनपक्षीय हो गई थी। भ्रष्टाचार का दूर-दूर तक नामो-निशान नहीं रहा था। वर्ग भेद के खात्मे की बुनियाद रख दी गई थी। महान कार्ल मार्क्स व फ्रेडरिक एंगेल्स के बताए मार्ग के अनुसार वर्गहीन व शोषणहीन समाज की मंजिल की ओर पहुंचने का रास्ता प्रशस्त कर दिया गया था।




बहादुरगढ़। लेनिन व स्टालिन के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# रक्तदान शिविर में किया 25 युवाओं ने रक्तदान

**झज्जर।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के गांव चिमनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वर्गीय रोहन मित्तल की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित इस रक्तदान शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न सिर्फ हमारे शरीर बल्कि दिमाग पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। रक्तदान से जहां किसी जरुरतमंद की जान बचाई जा सकती है वहीं रक्तदाता को हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान इंडेप्थ विजन फाउंडेशन संस्था ने भी सहयोग दिया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल कुहाड, दीपांशु, अरविंद सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I, Chief Petty Officer Jagmohan 097903H R/o H.No. 94, Ground Floor, North Avenue-2, G + 3 Sadbhawna Simmity, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, HR. declare that in my service record my wife NIRMALA DEVI date of birth mention as 15-01-1959 but my wife's correct date of birth is 12-01-1958.

कार्यक्रम में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, हरियाणवी गायक एवं कलाकारों ने की शिरकत

राष्ट्गान के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम दो किलोमीटर की मैराथन के साथ संपन्न हुआ

# आनंद पथ कार्यक्रम में आमजन को दी नशे से दूर रहने की नसीहत





झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, बॉक्सर बिजेंद्र एवं अन्य व बॉक्सर बिजेंद्र को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार सुबह शहर के अंबेडकर चौक पर आनंद पथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने व नियमित योग करने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने ध्वजारोहण के साथ की। इस कार्यक्रम में जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके ओलंपिक विजेता बॉक्सर विजेंद्र, पहलवान अमन सहरावत ने लोगों को नियमित व्यायाम करने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

वहीं कलाकारों ने भी हरियाणवी गीतों की प्रस्तुति व कॉमेडी से समां बांधने के बाद युवाओं को नशे व अपराध की दुनिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ यह कार्यक्रम दो किलोमीटर की मैराथन के साथ संपन्न हुआ। अंबेडकर चौक से शुरू हुई यह मैराथन शहर के पुराना बस स्टैंड रोड से छिक्कारा चौक व बर्फखाना रोड से बीकानेर चौक होते हुए वापिस अंबेडकर चौक पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान बच्चे एवं युवा वर्ग जहां दौड़े, वहीं उम्रदराज लोग भी साइकिल के साथ मैराथन में शामिल हुए। समापन अवसर पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री द्वारा आनंद पथ में शामिल सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

### दो किताबों का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री द्वारा लिखित पुस्तक दिल से खाकी तथा मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित परितोष त्रिपाठी की पुस्तक चाय सी महोब्बत का लोकार्पण भी किया गया। दोनों लेखकों ने अपनी-अपनी पुस्तक से उपस्थित श्रोताओं के समक्ष एक-एक रचना की प्रस्तुति भी दी।

### ये रहे मुख्यातिथि

आनंद पथ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री विजेता अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह, वर्ल्ड चैंपियन और अर्जुन अवॉर्डी अमन सहरावत, डायरेक्टर, राइटर एवं प्रोड्यूसर राज शांडिल्य, बॉलीवुड एक्टर एवं कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, हरियाणवीं गायक कलाकार विक्की काजला, आरोही गुज्जर, हरियाणवीं कलाकार दीपक कपूर और रामवीर आर्यन ने मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसीपी मयंक मिश्रा, डीसीपी लोगेश कुमार, डीसीपी क्राइम अमित दहिया, एसीपी प्रदीप खत्री, इंस्पेक्टर सतीश सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जाखौदा गांव में लगे शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांचते चिकित्सक।

## जाखौदा में कैंप लगाकर 200 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** गांव जाखौदा में श्री बालाजी अस्पताल की ओर से नीमवाला बस स्टैंड के पास निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी द्वारा किया गया। अस्पताल के मेडिकल टीम में शामिल डा. संजय नरवाल, डा. भूपेंद्र, डा. अजय, डा. रविंद्र और डा. अमित ने लगभग 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इनमें से 100 लोगों को विभिन्न बीमारियों की पहचान के बाद ब्लड टेस्ट व अन्य जांच की संस्तुति की गई। शिविर में मरीजों को दवाइयां भी निश्शुल्क वितरित की गईं। इस अवसर पर सरपंच राजवीर, विजय दलाल, ईश्वर सिंह, रामफल, कपूर सिंह, सुरेश, मटरू, अजीत, करण सिंह, कर्मबीर, माटा, विजय, बाऊ, रामकिशन, सोनू प्रधान, सत्यनारायण, अजीत सिंह, कुलदीप डीपी, जितेंद्र नरवाल, मनमोहित गुप्ता और संदीप दलाल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विजेता शूटरों का स्वागत सम्मान करते अकेडमी संचालक व अन्य।

## दीक्षित ने गोल्ड व गार्गी ने सिल्वर जीता

**बहादुरगढ़।** शहर की एमएस शूटिंग अकेडमी के शूटर दीक्षित छिल्लर ने चेन्नई में आयोजित 27वीं कुमार सुरेंद्रा इंटर स्कूल चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जबकि गार्गी मुदगिल ने 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। अकेडमी संचालक सुनील राठी ने दोनों शूटर्स को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अन्य शूटरों व अभिभावकों ने दीक्षित छिल्लर व गार्गी मुदगिल और कोच नीरज कुमार का स्वागत सम्मान किया। इस दौरान शूटर आर्यन, अशमि मलिक, चेष्टा, हर्ष, अपेक्षा, रजत, रीवान, अगस्त्य, नोमिका, कैप्टन वेदपाल, निर्मला, पूर्णिमा, योगिता व ऊषा आदि ने भी उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

## एशियन चैंपियनशिप में बीआरजी ने लहराया परचम



बहादुरगढ़। एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली कृष्णा व प्रतियोगिता में जीत का परचम लहराने वाले बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई 23वीं एशियर मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

धावक कृष्णा ने 65 से अधिक आयुवर्ग में खेलते हुए दो स्पर्धाओं में रजत पदक जीते। कृष्णा ने पांच हजार मीटर तथा दो हजार मीटर स्टीपलचेज़ में रजत पदक जीते हैं। यह प्रतियोगिता 5 से 9 नवंबर तक चेन्नई में हुई थी। जिसमें फिलिपींस, कज़ाकिस्तान, जापान, मलेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, ईरान सहित कई एशियाई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कृष्णा के अलावा राजेश स्वामी, रोहतास, नरेंद्र जांगड़ा, मुकेश दहिया, ममता सिंह और गुलाब सिंह ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### नई पहचान

संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने पिछले कई वर्षों में फिटनेस, रनिंग और हेल्थ कल्चर को नई पहचान दी है। धावकों का एशिया स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेना और मेडल जीतना इस बात का सबूत है कि बहादुरगढ़ जैसे छोटे शहर से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट तैयार हो रहे हैं।

### जरूरतमंद कन्या की शादी में किया सहयोग

**बहादुरगढ़।** सार्थक परिवार ने लोहारहेड़ी गांव में एक कन्या की शादी में सहयोग करते हुए एक सिलाई मशीन, ज्यूसर ग्राइंडर, पंखा, केटली, कंबल, 31 सूट-साड़ियां और 5100 रुपए भेंट किए। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर को सूचना मिली थी कि गांव लोहारहेड़ी में बिना मां-बाप की बिटिया की शादी है, उसे मदद की जरूरत है। सार्थक परिवार की तरफ से उनके साथ एसएम पाल, हरिचंद रोझा, महाबीर जांगड़ा, सुरेंद्र पाल मेहता, ज्ञान सिंह सैनी, सुनील कुमार व दीपक सैनी यह सहयोग लेकर वहां पहुंचे और बिटिया को आशीर्वाद-शुभकामनाएं दी।



बहादुरगढ़। कन्या की शादी के लिए सामान लेकर पहुंचे समिति सदस्य।

## सराय औरंगाबाद में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विजेता कबड्डी खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक राजेश जून।

गांव सराय औरंगाबाद स्थित कबड्डी अकादमी में रविवार को पहली विशाल हरियाणा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश जून ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

रविवार को पहली विशाल हरियाणा कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता था। विधायक राजेश जून ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और आयोजकों को 11 हजार रुपए की धनराशि भेंट की। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राजेश जून ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखते हुए खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। नायब सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दे रही है। भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने कबड्डी मुकाबलों का शुभारंभ कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी, नगद इनाम और मान-सम्मान देकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है। प्रतियोगिता में सरपंच राकेश राठी, भीम अवार्डी कोच चरण सिंह राठी, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, देवेंद्र छिल्लर, अतुल कुमार, सत्यवान मलिक, पवन, कृष्ण छिल्लर आदि मौजूद रहे।

## जांच शिविर का 200 लोगों ने उठाया लाभ

**बहादुरगढ़।** आठवें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में वत्स कॉलोनी में रविवार को प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी का सहयोग रहा। बालकिशन तंवर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण, योग सत्र, नेचुरल थेरेपी और संतुलित आहार परामर्श का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विधायक राजेश जून, पालेराम शर्मा और पार्षद राजेश तंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों ने प्राकृतिक चिकित्सा को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर में अनीता जांगड़ा, डॉ. अजीत आनंद, विजेंद्र सिंह रोहिला व योगीराज ने विशेषज्ञ रूप से सहयोग प्रदान किया और प्रतिभागियों को प्राकृतिक चिकित्सा के विविध पहलुओं से अवगत कराया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## रमन सदन बना चैंपियन, साक्षी और लोकेश बने बेस्ट एथलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार को एच डी साल्हावास में चल रही दो दिवसीय 35वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की चार पूर्व छात्राओं स्वीटी यादव, कनिका, रंजना और अंकिता जाखड़ ने बतौर मुख्यातिथि और जगबीर जाखड़, सतगामा के प्रधान सुनील जाखड़, हैंडबॉल कोच रामभगत जाखड़ और डीपीई जयप्रकाश जाखड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने की। प्रबंधन समिति की ओर से जबकि दूसरे दिन के विजेता खिलाड़ियों को लाखों रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।



झज्जर। प्रतियोगिता के समापन पर विजयी चिन्ह बनाते हुए विजेता खिलाड़ी।

### इन खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

लड़कों के वर्ग में लोकेश ने पहला, दीपांशु ने दूसरा, रूद्रांश ने तीसरा, लक्की ने चौथा और मयंक ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में नंदिता ने पहला, साक्षी ने दूसरा, हिमानी ने तीसरा, वंशिका ने चौथा और मिनाक्षी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। सभी बेस्ट एथलीट को 11सौ-11सौ रुपए की राशि देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रमन सदन ने 224 अंक प्राप्त कर पहला, पटेल सदन ने 182 अंक प्राप्त कर दूसरा और कलाम सदन ने 153 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के ग्रुप निदेशक रमेश गुलिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।

### कृपाल आश्रम में धूमधाम से मनाया प्रकाशपर्व

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित कृपाल आश्रम में संत दर्शन सिंह महाराज व संत राजिंदर सिंह महाराज का प्रकाशपर्व साध संगत ने धूमधाम से मनाया। रोहतक से आए प्रचारक सरोज नारंग ने गुरु महिमा, अध्यात्म और मिशन की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। अन्य कई प्रचारकों और संगत ने मिलजुल कर लोक गीत, शब्द गायन, संस्मरण, अपने शब्दों में पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान 36वें सिलाई प्रशिक्षण सत्र में पास हुए 21 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। ट्रेनर को भी सम्मानित किया गया। बाल सत्संग के बच्चों ने आकर्षक आध्यात्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की। प्रबंधन समिति अध्यक्ष राज सिंह कटारिया ने बताया कि सावन कृपाल रूहानी मिशन रूहानियत, शांति एवं मानव सेवा के प्रति समर्पित है। कार्यक्रम में मौजूद साध संगत समेत अन्य लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उप प्रधान हेमचंद्र गर्ग, सचिव सुभाष चंद्र, खजांची धर्मवीर सिंह, सदस्य राजेश कुमार व सुरेश हुड्डा आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कृपाल आश्रम में सिलाई सेंटर ट्रेनर को सम्मानित करते आश्रम पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने किया लोक कलाकारों का सम्मान

# पांच दिवसीय हरियाणवी सांग उत्सव का हुआ रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में समिति द्वारा करवाए जा रहे हरियाणवी सांग के समापन पर प्रसिद्ध सांगी विष्णु दत्त ने रविवार को फूल सिंह और नौंटकी का किस्सा सुनाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने लोक कलाकारों को प्रोत्साहित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने धर्मशाला समिति को दो लाख रुपए दान दिए। उन्होंने कहा कि पंडित लख्मीचंद ने हरियाणवीं कला को अनुकरणीय ढंग से उभारा। हरियाणवीं संस्कृति के प्रसार व प्रचार के लिए पंडित विष्णुदत सराहनीय कार्य कर रहे हैं।



बहादुरगढ़। मोहनलाल बड़ौली समेत अन्य अतिथियों को स्मृतिचिह्न देते समिति पदाधिकारी।

### एक लाख 75 हजार रुपये दान दिए

पूर्व विधायक नरेश कौशिक और उनकी टीम ने एक लाख 75 हजार रुपये धर्मशाला समिति को दान दिए। विधायक राजेश जून ने 51 हजार रुपए दान दिए। भाजपा नेता दिनेश कौशिक, चेयरपर्सन सरोज राठी, वाईस चेयरमैन पालेराम शर्मा, प्रधान प्रवीण शर्मा, पूर्व प्रधान मंजीत पाराशर और झज्जर महाब्राह्मण सभा ने 21-21 हजार रुपए दान दिए। पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता, मनोज भारद्वाज, बिजेंद्र आसौदा, डॉ. मनीष शर्मा, चेयरमैन विनोद कौशिक, प्रवेश खेड़का, श्रीभगवान गौतम, सतीश नम्बरदार, डॉ. नीना सतपाल राठी ने 11-11 हजार रुपए धर्मशाला समिति को दिए। नरेश कौशिक ने कहा कि हरियाणवीं सस्कृति को जीवित रखने में पंडित लख्मीचंद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रधान प्रवीण शर्मा और महासचिव सतीश शर्मा ने सांग में दान देने वाले सभी दानियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, अनिल सिंघल, कृष्णचंद्र, ललित पाराशर, उमेश सहगल, देवेंद्र कौशिक, श्रवण कौशिक बिजेंद्र गांधरा, टोनी सरपंच, मनोज वशिष्ट आदि उपस्थित रहे।